गुरुग्राम
शुक्रवार
28 जुलाई, 2023
वर्ष 9, अंक 207
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# ह्यूमन इंडिया

हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com

08 हरियाणा सरकार ने दी निर्यातकों को मनोहर सौगात : अनुराग बक्शी

# अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया युवा संवाद-2047

**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** वीरवार को अग्रवाल महाविद्यालय में आजादी का अमृत काल महोत्सव मनाने की कड़ी में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ .कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार प्राचार्य कन्या महाविद्यालय फरीदाबाद रहे। मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का स्वागत तिलक लगाकर किया गया इसके पश्चात दीपशिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस अंतर महाविद्यालयी कार्यक्रम में पांच मुख्य विषय चुने गए जिनमें युवाओं को संवाद प्रस्तुत करने के लिए कहा गया इन विषयों में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी या औपनिवेशिक मानसिकता का कोई भी निशान हटा दें, हमारी विरासत पर गर्व करें, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना है मुख्य रहे इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में श्रीमती किरण आनंद, प्रोफेसर दिव्य ज्योति और डॉ. बांके बिहारी ने मुख्य भूमिका निभाई युवा संवाद के कार्यक्रम में 10 से अधिक अलग-अलग महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी दर्ज कराई और एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने भी ध्यान पूर्वक इस कार्यक्रम को सुना इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और डॉ. सीमा मलिक की देखरेख में कराया गया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने प्राचीन शिक्षा नीति इतिहास, गौरव को अपनाने पर बल दिया प्राचार्य जी ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया और उनकी प्रशंसा की मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्र कुमार ने महिला सशक्तिकरण पर बल दियाइस कार्यक्रम में डॉ. के.एल. कौशिक भी उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में जे.सी. बोस विधि विश्वविद्यालय के साहिल कौशिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया अग्रवाल महाविद्यालय की सुजाता द्वितीय स्थान पर तथा डीएवी महाविद्यालय से दिव्या तृतीय स्थान पर रही नेहा कौशिक केएल मेहता महाविद्यालय से और प्रगति पांडे सरस्वती महाविद्यालय को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।